1-JAN- Jash-bhoomi-pg-1_Layout 1 1/1/2026 8:18 PM Page 1

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 2 जनवरी 2026
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 21.2 डिग्री
न्यूनतम 10.2 डिग्री



4
कच्ची जड़ी-बूटियों से इलाज करने वाले पारंपरिक वैद्यों का होगा सर्वे

## खबर संक्षेप

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। मनोरा तहसील अंतर्गत ग्राम जरिया निवासी स्व.सबीना टोप्पो का तालाब के पानी में डूबने से 22 फरवरी 2025 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पुत्र मतियस टोप्पो हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### इस बार की ठंड बना रही नए-नए रिकॉर्ड

**अम्बिकापुर।** इस बार की ठंड लगातार नए नए रिकॉर्ड बना रही है। उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से तापमान में आंशिक वृद्धि हुई है लेकिन गलाने वाली ठंड से राहत मिल सकी है। मौसम विज्ञानी पारा में और गिरावट होने की संभावना व्यक्त की है। विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर भारत में बर्फबारी बारिश होने पर एक बार फिर कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे है। मौसम कार्यालय द्वारा मंगलवार को न्यूनतम पारा 3.5 डिग्री रिकॉर्ड किया था। बुधवार को पारा में आंशिक वृद्धि दर्ज की गई है तथा न्यूनतम पारा 4.2 डिग्री तथा अधिकतम पारा 25.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। पारा में शीतलहर का प्रभाव रहा तथा कई क्षेत्रों में पाला जमने की सूचना है। मौसम विज्ञानी उत्तर भारत में सक्रिय विक्षोभ को काफी शक्तिशाली बता रहे हैं तथा विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर भारत सहित आसपास के राज्यों में बर्फबारी एवं बारिश होने की संभावना जता रहे हैं। बारिश एवं बर्फबारी होने पर विक्षोभ के कमजोर पड़ने पर एक बार फिर मौसम में तेज बदलाव होने के साथ कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना जता रहे है। लंबे अरसे के बाद इस बार दिसंबर का औसत न्यूनतम तापमान 5.7 डिग्री सेल्सियस बना रहा तथा 30 दिसंबर को पारा 3.5 डिग्री के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया था। इसके पूर्व वर्ष 1969 में दिसंबर का औसत न्यूनतम पारा 5.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। इस बार 1 दिसंबर को न्यूनतम पारा 10.4 डिग्री रिकार्ड दर्ज किया गया था। जबकि शेष दिनों में पारा 10.0 डिग्री के नीचे स्थिर रहा। इसके पूर्व वर्ष 2000 में ऐसी स्थिति निर्मित हुई थी। जब पूरे दिसंबर न्यूनतम पारा 10 डिग्री के नीचे बना रहा। इस साल के पूर्व भी दिसंबर में कई बार पारा 5 डिग्री के आसपास रहा लेकिन तीन चार दिनों के बाद पारा में वृद्धि होने के कारण ठंड से राहत मिल जाती थी। इस बार लगातार 6 दिनों पारा 5 डिग्री के नीचे स्थिर रहा।

### रैबीज संक्रमण के डर को समाप्त करने लगा कैंप

**अम्बिकापुर।** शहर से लगे सरगवां में आयोजित निकाली पूजा के दौरान रेबीज संक्रमित बकरे की बलि देने और मांस खाने का मामला सामने आया था। इस घटना के बाद लोगों में रैबीज का संक्रमण फैलने को लेकर दहशत का माहौल था। ऐसे में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में कैंप लगाकर ग्रामीणों से बात की गई और उनकी शंकाओं का समाधान किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बकरे को रैबीज संक्रमित कुत्ते द्वारा काटने की घटना को 4 महीने हो चुके है और इस दौरान बकरे में कोई असामान्य लक्षण नहीं आए थे इसलिए लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। बता दें कि शहर से लगे सरगवां में 28 दिसम्बर को निकाली पूजा का आयोजन किया गया था। इस पूजा के दौरान प्रथा के अनुसार बकरों की बली दी गई थी। गांव में एक साथ 15 बकरों की बलि देने के बाद उसके पके हुए मांस को प्रसाद के रूप में वितरित किया गया था और लगभग 400 पुरुषों ने मांस का सेवन किया था। बलि के बाद यह बात सामने आई कि उनमें से एक बकरा को पागल कुत्ते ने काटा था और बकरा संक्रमित हो गया था। ऐसे में ग्रामीणों को भी रैबीज फैलने का डर सता रहा था।

# गुलजार रहे पिकनिक स्पॉट, वनभोज के साथ नए साल का जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- परिवार संग प्रकृति की गोद में बिताया पहला दिन
- जशपुर बना सैलानियों की पसंद

नए साल के पहले दिन को यादगार बनाने के लिए जशपुर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के लोग परिवार और मित्रों के साथ नजदीकी पिकनिक स्पॉट्स पर पहुंचे। प्रकृति की अद्भुत सुंदरता से भरपूर जशपुर जिले में नए साल का स्वागत खुले आसमान, हरियाली और झरनों की कलकल ध्वनि के बीच हर्षोल्लास के साथ किया गया।नववर्ष के अवसर पर रानीदह जलप्रपात, राजपुरी जलप्रपात और कैलाश नाणेश्वर गुफा जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों पर मेले जैसा माहौल देखने को मिला। यहां केवल जशपुर ही नहीं, बल्कि झारखंड और ओडिशा से भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे।शहर के युवाओं ने दोस्तों संग वनभोज का आनंद लिया, वहीं अनेक परिवारों ने बच्चों और बुजुर्गों के साथ पिकनिक मनाकर साल की शानदार शुरुआत की। लोग अपने-अपने इंतजामों के साथ दिनभर प्रकृति की गोद में समय बिताते नजर आए।





### रानीदह और दमेरा में उमड़ी हजारों की भीड़

नए साल के दिन दमेरा जलप्रपात और रानीदह जलप्रपात में हजारों सैलानी पहुंचे। जशपुर से बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचे, जबकि झारखंड के रांची, गुमला, सिमडेगा तथा ओडिशा के सुंदरगढ़ से भी पर्यटक दिखाई दिए। जिला मुख्यालय से लगभग 12 किमी दूर स्थित दमेरा और करीब 25 किमी दूर स्थित गुल्लू जलप्रपात में भी दिनभर चहल-पहल बनी रही।

### शहर में छाया सन्नाटा, बाजार रहे आधे बंद

नववर्ष पर अधिकांश लोग पिकनिक स्पॉट्स की ओर रुख करने के कारण शहर में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। बाजार की लगभग आधी दुकानें बंद रहीं और जो खुली थीं, वहां भी ग्राहकों की संख्या कम नजर आई। सरकारी दफ्तरों में भी उपस्थिति कम रही। सरकारी व निजी स्कूलों में बच्चों की कम उपस्थिति को देखते हुए कई स्कूलों में जल्दी छुट्टी दे दी गई। नए साल के पहले दिन जशपुर जिले ने प्रकृति, पर्यटन और पारिवारिक खुशियों के साथ एक यादगार शुरुआत की।

### कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं

कलेक्टर रोहित व्यास ने सभी लोगों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा की नया साल आपके लिए खुशियों, सफलता लाए अपना लक्ष्य निर्धारित करके निरंतर आगे बढ़े। यह नया साल नई शुरुआत नई संभावनाएं से भरा हो आने वाला वर्ष आपके के जीवन में शांति और आनंद लाए।

### हिंदू एकता, संस्कृति और राष्ट्रभाव पर केंद्रित रहा बन्दरचुआं का हिंदू सम्मेलन

# संगठित हिंदू समाज ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्तिः जूदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कुनकुरी मंडल के बन्दरचुआं ग्राम में रविवार को विशाल हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं संगठन से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, सनातन संस्कृति के मूल्यों का संरक्षण तथा सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना रहा।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी प्रबल प्रताप सिंह जूदेव शामिल हुए। मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक सरगुजा हेमन्त नाग रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नारायण गुप्ता ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में शंभूनाथ चक्रवर्ती (पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, धार्मिक प्रांत प्रमुख एवं अध्यक्ष माटीकला ⏭ शेष पेज 4 पर





### सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना

मुख्य अतिथि प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि विशाल हिंदू सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना और सभी को एकजुट कर सनातन संस्कृति को सशक्त बनाना है। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि देश, धर्म और संस्कृति के प्रति समर्पण भाव बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार के विरोध या भटकाव से सतर्क रहें। उन्होंने स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव जी के कार्यों को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने जीवनभर सनातन धर्म की रक्षा एवं सामाजिक चेतना के लिए कार्य किया, जिसके कारण उन्हें "हिंदू सम्राट" के नाम से भी जाना गया। वर्तमान में स्वयं भी समाज हित में कार्य करते हुए घर वापसी जैसे अभियानों से सनातन संस्कृति को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।

# 55 लाख से तीन वार्डों में होगा डामरीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- 12 करोड़ के बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट भी कतार में

नए वर्ष की शुरुआत जशपुर नगर पालिका के लिए विकास की नई उम्मीदें लेकर आई है। नगर पालिका परिषद जशपुर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर नगर के विभिन्न वार्डों में सड़क डामरीकरण के लिए कुल 55 लाख 09 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस स्वीकृति से लंबे समय से जर्जर और धूलभरी सड़कों से परेशान नागरिकों को बड़ी राहत मिलने जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वीकृत राशि से नगर के तीन प्रमुख वार्डों में बीटी रोड का निर्माण किया जाएगा। जिसके अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 बिजली कार्यालय से विमल नंदे के घर तक बीटी रोड निर्माण 14.70 लाख रुपए,वार्ड क्रमांक 2 शिव मंदिर से कृष्ण कुंज के तक बीटी रोड निर्माण 26.60 लाख रुपए,वार्ड क्रमांक 14 सुदन पान दुकान से नानू सिंह के घर तक बीटी रोड निर्माण 13.79 लाख रुपए। इन सड़कों के निर्माण से न सिर्फ आवागमन सुगम होगा, बल्कि बरसात के दिनों में कीचड़ और गड्ढों की समस्या से भी निजात मिलेगी।



### स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 को लेकर विकास कार्यों में तेजी

कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की तैयारी को लेकर नगर में व्यापक स्तर पर सड़क और सौंदर्यीकरण कार्य किए जा रहे हैं।नगर पालिका द्वारा गौरव पथ, कल्याण आश्रम रोड, मिलन चौक से कन्या महाविद्यालय होते हुए कोतवाली तक मार्ग का डामरीकरण किया जा चुका है। इन कार्यों के लिए लगभग 6 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है और अधिकांश कार्य प्रगति पर हैं। इसके साथ ही अन्य वार्डों में भी आवश्यकता अनुसार मरम्मत एवं सुधार कार्य कराए जा रहे हैं।

### 12 करोड़ के बड़े प्रस्ताव शासन को भेजे गए

नगर पालिका परिषद द्वारा आगामी चरण में 12 करोड़ रुपए की लागत से सीमेंट रोड, नाली निर्माण, डामरीकरण एवं पाथवे निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। नगर ⏭ शेष पेज 4 पर

# बाल सुरक्षा की दिशा में जशपुर नगर के लिए अच्छा रहा साल 2025

- बाल संरक्षण की दिशा में जशपुर नगर में 2025 में हुई उल्लेखनीय प्रगति

**जशपुरनगर।** बाल सुरक्षा व संरक्षण की दिशा में जशपुर के लिए 2025 एक बेहतरीन साल रहा जहां जिला प्रशासन, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और सामुदायिक नेताओं के साथ करीबी समन्वय से काम करते हुए नागरिक समाज संगठन एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन (समर्पित) ने 272 बच्चों को बाल विवाह व ट्रैफिकिंग से बचाया।




इनमें से 250 को बाल विवाह से बचाया गया जबकि 22 बच्चों को ट्रैफिकिंग यानी बाल दुर्व्यापार से मुक्त कराया गया। ट्रैफिकिंग से मुक्त कराए गए बच्चों में 10 लड़कियां थीं और 12 लड़के थे। एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन (समर्पित) देश में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी संगठन है। जेआरसी के 250 से भी ज्यादा सहयोगी संगठन बाल अधिकारों की सुरक्षा व बच्चों के खिलाफ अपराधों की रोकथाम के लिए देश के 451 जिलों में काम कर रहे हैं। बचाव, सुरक्षा व अभियोजन की रणनीति पर अमल करते हुए इस नेटवर्क ने 1 जनवरी 2025 से अब तक देश भर में 1,98,628 बाल विवाह रोके हैं। इसके अलावा, इसी दौरान देश भर से कुल 55,146 बच्चों को ट्रैफिकिंग से मुक्त ⏭ शेष पेज 4 पर

# यातायात नियमों पर सख्ती और जागरूकता का दिया जा रहा संदेश

- 36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह शुरू

**जशपुरनगर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। यह अभियान 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक चलेगा, जिसके तहत जशपुर पुलिस द्वारा जिलेभर में विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

शुभारंभ कार्यक्रम पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय जशपुर परिसर में भारत सरकार के परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (रोड सेफ्टी) तथा पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोहित व्यास कलेक्टर जशपुर ने की। मुख्य अतिथि रायमुनि भगत विधायक जशपुर एवं विशिष्ट अतिथि अरविंद भगत नगर ⏭ शेष पेज 4 पर



### मुख्यमंत्री ने 77 सड़कों के लिए 192 करोड़ रुपए से अधिक की दी मंजूरी

# नववर्ष में जशपुर को मिली ऐतिहासिक सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले को सड़क अधोसंरचना के क्षेत्र में अब तक की सबसे बड़ी सौगात मिली है। नए साल में जिले के विभिन्न विकासखंडों में 77 सड़क निर्माण एवं उन्नयन कार्यों को स्वीकृति प्रदान कर बड़ी सौगात दी है। इन सभी कार्यों के लिए कुल 192 करोड़ रु.से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। इससे जिले के ग्रामीण, दूरस्थ एवं आदिवासी अंचलों में आवागमन की सुविधा सुगम होगी और विकास को नई गति मिलेगी।

जिले के बगीचा विकासखंड अंतर्गत गायबुड़ा–खालपारा मार्ग के लिए 3 करोड़ 24 लाख रुपए, टोरा–परसुरा 4 करोड़ 33 लाख रुपए, समदुरा–तेतरटोली 63 लाख रुपए, टीआर-02 से अक्रिकोना 2 करोड़ 21 लाख रुपए, बगडोल–गायरटोली 1 करोड़ 90 लाख रुपए, छिछली–सन्ना से चीवराडांड 2 करोड़ 33 लाख रुपए तथा सरईपानी–रागरा मार्ग के लिए 2 करोड़ 2 लाख रोली की मंजूरी दी गई है। दुलदुला विकासखंड दुलदुला विकासखंड में कोरना–डोभ (कदमटोली होकर) मार्ग के लिए 4 करोड़ 18 लाख रुपए, कस्तुरा–सरईटोली 2 करोड़ 92 लाख रुपए, फरसा–सुनकाडंड कादोबहर 2 करोड़ 66 लाख रुपए, कंटासारू–तुर्री 2 करोड़ 77 लाख रुपए, एनएच से कोरकोटटोली 4 करोड़ 40 लाख रुपए, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी–आसनबहार (नोनियाताला) 2 करोड़ 57 लाख रुपए, चटकपुर–सुकबासुटोली–खुंटीटोली–नगेराटुकु 3 करोड़ 19 लाख रुपए, खुंटीटोली–डंडाडीह 2 करोड़ 45 लाख रुपए एवं चराईडांड–गिधासांड मार्ग के लिए 2 करोड़ 45 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

जिले के फरसाबहार विकासखंड अंतर्गत तेलाइन–मोहांटोली मार्ग 6 करोड़ 88 लाख रुपए, खुटगांव–केंदुटोली 3 करोड़ 03 लाख रुपए, नवाटोली–सहसपुर 4 करोड़ 25 लाख रुपए, बनखेता–जुनाडीह 3 करोड़ 09 लाख रुपए, सागजोर–सोनाजोरी 3 करोड़ 34 लाख रुपए, घुमरा–बुरुशापार 2 करोड़ 50 लाख रुपए, बलुआबहार–करमटोली 1 करोड़ 68 लाख रुपए, बेलडीपा–रेगरमुंडा 2 करोड़ 56 लाख रुपए, घुमरा रोड–छकलपुर 1 करोड़ 64 लाख रुपए एवं कुनकुरी–लावकेरा से मयूरटोली मार्ग के लिए 1 करोड़ 49 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। जिले के कुनकुरी विकासखंड में एमडीआर से रेमते 3 करोड़ 80 लाख रुपए, खुटगांव से बतानटोली (धान खरीदी केंद्र तक) 1 करोड़ 87 लाख रुपए, महुवाटोली–पुटूकेला नदी तक 1 करोड़ 30 लाख रुपए, कुनकुरी–मज्हाटोली 2 करोड़ 11 लाख रुपए, धुमाडांड–बुधीडेरा 1 करोड़ 31 लाख रुपए, दमगड़ा–डडगांव 2 करोड़ 87 लाख रुपए, रानीकोम्बो–छातापारा 4 करोड़ 11 लाख रु, प्रधानमंत्री सड़क से लोढ़ाम्बा 2 करोड़ 40 लाख रुपए, एनएच-43 से परसाकानी 1 करोड़ 96 लाख रुपए, बरडांड–सेंदरीमुंडा 1 करोड़ 92 लाख रुपए, कुनकुरी–राजाडांड 2 करोड़ 6 लाख रुपए, रजौटी–कोटिया 3 करोड़ 84 लाख रुपए एवं करमटोली–बोडाटोंगरी मार्ग के लिए 5 करोड़ 57 लाख रु. स्वीकृत किए गए हैं।

### जिले के मनोरा विकासखंड में भी बनेंगी सड़कें

मनोरा विकासखंड अंतर्गत करडीह–सरईटोली (केराकोना) 4 करोड़ 78 लाख रुपए, रांझाडीपा–पियारटोली 4 करोड़ 86 लाख रुपए, टीआर-05–रुकुरमा 1 करोड़ 84 लाख रुपए, टीआर-07–घटगांव 1 करोड़ 42 लाख रुपए, बोरोकोना–वनग्राम 2 करोड़ 11 लाख रुपए, जरहापाठ 4 करोड़ 3 लाख रुपए एवं मतरलौंगा मार्ग के लिए 1 करोड़ 77 लाख रुपए की मंजूरी दी गई है। जिले के पत्थलगांव विकासखंड में लखझार–मुडापारा 2 करोड़ 28 लाख रुपए, चंदागढ़–डूमरमुड़ा 1 करोड़ 13 लाख रुपए, डूमरबहार–पकरीढाप 2 करोड़ 53 लाख रुपए, लुडेग–सुरंगपानी (जोरामा) 2 करोड़ 94 लाख रुपए, सावाटोली–बिछीटोला 2 करोड़ 53 लाख रुपए, तिरशोथ–मुदापारा 1 करोड़ 50 लाख रुपए, सरगुजा सीमा–चिमटापानी 98 लाख रुपए, धवईपारा–दर्रापारा 1 करोड़ 20 लाख रुपए, बुढ़ाडांड–बरपारा 2 करोड़ 7 लाख रुपए, लुड़ेग–सुरंगपानी–खगेश्वरपारा 2 करोड़ 6 लाख रुपए, कदमपारा–लोटापारा 1 करोड़ 17 लाख रुपए, खरकट्टा–पंडरीपारा 1 करोड़ 70 लाख रुपए, किलकिला–केराकछार–लाइनपारा 1 करोड़ 31 लाख रुपए, बंधनपुर–घोटमुड़ा 2 करोड़ 19 लाख रुपए, लुड़ेग–सुरंगपानी–बरपानी 3 करोड़ 31 लाख रुपए, पकपानी–घुटारीपारा 1 करोड़ 9 लाख रुपए तथापतराटोली–पकरीपारा मार्ग के लिए 80 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। जशपुर विकासखंड में जशपुर कॉलेज रोड–ग्रनचटोली (लक्ष्मी नगर) 2 करोड़ रुपए, सिटोंगा–छेंनगोंटोली 2 करोड़ 57 लाख रुपए, बरगांव–हर्राकोना 2 करोड़ 88 लाख रुपए, बडबनाई–खुंटीटोली 6 करोड़ 57 लाख रुपए एवं लोखंडी–बस्ता (घुमलू होकर) मार्ग के लिए 4 करोड़ 28 लाख रु. की स्वीकृति दी गई है। जिले के कांसाबेल विकासखंड अंतर्गत फरसाजुनवाइन–रेनकुटोली 1 करोड़ 56 लाख रुपए, नक्तिमुंडा–बिहाबल–पतरापाली 3 करोड़ 72 लाख रुपए, कोडलिया–गतीमहुवा 1 करोड़ 93 लाख रुपए, सोनारपहरी–मुख्य मार्ग 3 करोड़ 20 लाख रुपए, खुंटेरे–करमटोली 2 करोड़ 72 लाख रुपए, एनएच-43–महादेवमुड़ा 1 करोड़ 78 लाख रुपए, पालीडीह–कटंगजोर–डूमरकोना 3 करोड़ 5 लाख रुपए, बंधनपुर रोड–बरडांडपरा 1 करोड़ 48 लाख रुपए तथा ⏭ शेष पेज 4 पर

# ग्रामीण ने आंगन बाड़ी भवन के लिए ग्राम पंचायत को की भूमि दान

भानू प्रताप सिंह



**अम्बिकापुर।** आंगनबाड़ी का क्रियान्वयन ग्राम पंचायतों में सही तरीके से हो इसके लिए खुद का भवन होना अनिवार्य है। भवन के अभाव में आंगन बाड़ी केन्द्र का संचालन न सिर्फ प्रभावित होता है बल्कि आंगनबाड़ी केंद्र का लाभ गर्भवती माताओं व बच्चों को सही तरीके से नहीं मिलता।

- जमीन मे अभाव में ग्राम पंचायत में नहीं बनी आंगन बाड़ी भवन
- एक साल पहले हुई थी राशि स्वीकृत

अलग खबर

कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम पंचायत तरागी है जहां आंगनबाड़ी के लिए भवन निर्माण की राशि स्वीकृत तो गई लेकिन भवन निर्माण के लिए गांव में भूमि ही नहीं मिली। ग्राम पंचायत के लोग आंगनबाड़ी केन्द्र से वंचित न रह जाए इसे ध्यान में रखकर गांव के ही एक ग्रामीण ने अपनी निजी भूमि का कुछ हिस्सा ग्राम पंचायत को भवन निर्माण के लिए दान कर दिया। ग्रामीण की इस पहल से गांव के लोग न सिर्फ खुश है बल्कि ग्रामीण की काफी सराहना कर रहे है।

विकास खंड बतौली के ग्राम पंचायत तरागी में आंगनबाड़ी का संचालन हो और गांव की गर्भवती माताओं एवं बच्चों को आंगनबाड़ी का लाभ मिले इसके लिए वर्ष 2024 आंगनबाड़ी भवन के लिए 11 लाख 79 हजार की स्वीकृति मिली थी। राशि स्वीकृत होने के बाद ग्राम पंचायत द्वारा आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए गांव में भूमि की तलाश शुरू की गई। आंगनबाड़ी भवन निर्माण की राशि स्वीकृत होने से ग्रामीण काफी खुश थे लेकिन ग्रामीणों की खुशी उस समय निराशा में बदल गई जब ग्राम पंचायत को एक साल में आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए भूमि नहीं मिली। आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए जगह चिन्हांकित कर निर्माण प्रारंभ किया गया लेकिन कुछ दिन बाद ही भूमि स्वामी भवन निर्माण करने से मना कर दिया जिससे ग्राम पंचायत के समक्ष आंबा भवन निर्माण को लेकर भूमि की समस्या खड़ी हो गई। इस बीच ग्राम पंचायत के सरपंच ने गांव के ही विनय आ. छन्नू की खाली भूमि में से कुछ हिस्सा आंगनबाड़ी भवन के लिए देने की मांग की। विनय ने ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी नहीं होने तथा गांव की गर्भवती माताओं एवं छोटे बच्चों को दूसरे आंगनबाड़ी केंद्र में जाने से परेशानी को ध्यान में रख कर अपनी निजी भूमि में से तीन डिसमिल भूमि आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए ग्राम पंचायत को दान कर दी। आंगनवाड़ी भवन निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध होने पर सरपंच द्वारा हालही में भवन निर्माण शुरू कराया है। निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन अब डोर लेबल तक बन गया है। सरपंच का कहना है कि दो माह के भीतर आंगन बाड़ी भवन बनकर तैयार हो जाएगा और भवन में आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन भी प्रारंभ कर दिया जाएगा।

### परिवार के लोग है खुश

भूमि दान करने वाले विनय के भाई बहादुर राम पैकरा का कहना है विनय ने जो आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए भूमि दान कर सराहनीय कार्य किया है। भूमि दान करने से परिवार के सभी लोग खुश है। गांव के लोग भी इस कार्य की सराहना कर रहे है। हम लोगों की इच्छा है कि ग्राम पंचायत में जल्द से जल्द आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन हो और इसका लाभ ग्राम पंचायत के लोगों को मिले।

### आंगनबाड़ी केंद्र का मिलेगा लाभ

लोगों का कहना है कि ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र खुलने से लोगों को काफी लाभ मिलेगा खास कर गर्भवती माताओं एवं छोटे छोटे बच्चों को सुविधा मिलेगी। सरकार द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य और पढ़ाई की ओर रुझान हो इसके मद्देनजर आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्र में जहां छोटे बच्चों को पोषण आहार दिया जाता है वहीं गर्भवती माताओं का समय समय पर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। अब गांव में आंगनबाड़ी भवन बनने से सभी को इसका लाभ मिलेगा।

### किया है भूमि दान

ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी भवन निर्माण की स्वीकृति व राशि मिली है। गांव में भवन निर्माण के लिए भूमि नहीं मिल पा रही थी। गांव के ही विनय से उसकी निजी भूमि का कुछ हिस्से की मांग की गई तो उन्होंने तीन डिसमिल भूमि आंगन बाड़ी भवन निर्माण के लिए ग्राम पंचायत को दान की है। भवन निर्माण शुरू कर दिया है और डोर लेबल तक निर्माण हो चुका है।

-**लक्ष्मण राम**, सरपंच ग्राम पंचायत तरागी

## खबर संक्षेप



### रासेयो द्वारा सात दिवसीय नशामुक्त युवा थीम शिविर किया गया शुरू

**बिश्रामपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्दरई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशामुक्त समाज के लिए युवा थीम पर ग्राम रतनपुर में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 30 दिसंबर से 5 जनवरी तक किया जा रहा है,शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के लीलू गुप्ता थे,अन्य अतिथियों में भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाश सिरदार, माखनलाल जायसवाल,भास्कर दास, सुमार साय मानिकपुरी रहे,शिविर के शुभारंभ सत्र के अवसर पर अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं रासेयो के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया,शिविर में रासेयो इकाई कंदरई के 78 स्वयं सेवक भाग ले रहे हैं,कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लीलू गुप्ता ने कहा कि नशा मुक्त समाज की स्थापना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है,उन्होंने सभी युवाओं एवं ग्रामीण जनों से नशा से दूर रहने की अपील की,कैलाश सिरदार ने कहा कि युवाओं में अपार ऊर्जा एवं उत्साह होता है, इस कारण युवा समाज में बदलाव के वाहक होते हैं,उन्होंने सभी युवाओं का आहवान करते हुए कहा कि युवा अपने रचनात्मक कार्यों द्वारा समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं,कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा लक्ष्य गीत,स्वागत गीत एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। मंच संचालन कार्यक्रम अधिकारी गुलाब राम यादव एवं आभार प्रदर्शन सहायक कार्यक्रम अधिकारी जयसिन्ता तिर्की द्वारा किया गया,कार्यक्रम को सफल बनाने में व्याख्याता गणेश ठाकुर, सोनकुमारी सिंह,गीता यादव, सुषमा,सम्पूर्णा,ओंकार आदि सक्रिय रहे।

### गायत्री परिवार ने गरीब व जरूरतमंदों को बांटे कंबल व टोपी



**सूरजपुर।** गायत्री परिवार के उप जोन संभाग प्रमुख प्रभारी भोला प्रसाद अग्रवाल के नेतृत्व में ग्राम पंचायत पर्री में गरीब परिवार को कड़ाके की ठंड से बचने के लिए वस्त्र वितरण किया गया। कड़ाके की ठंड के बीच आयोजित इस सेवा कार्य ने गरीब, असहाय और जरूरतमंद परिवारों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। कार्यक्रम के दौरान गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने बस्ती में रहने वालों को कंबल व गर्म टोपी प्रदान किया गया। जिला समन्वयक शिव शंकर कुशवाहा ने बताया कि नशा से दूर रहना है, नशा पूरे परिवार को नाश कर देता है। इस दौरान अवधेश कुमार गोयल, पवन कुमार गर्ग, शिवशकर साहू, विजय निगम, लोचन गुप्ता, अजय कुशवाहा, संत सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### मंत्री प्रतिनिधि ने छात्राओं को वितरण किया स्वेटर



**रजपुरीकला।** शाला विकास समिति के सदस्य व मंत्री प्रतिनिधि राकेश अग्रवाल द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को स्वेटर एवं गर्म वस्त्रों का वितरण किया गया। साथ ही विद्यालय की विभिन्न आवश्यकताओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा चार अतिरिक्त कक्षों का निर्माण, छात्राओं हेतु शौचालय, अतिरिक्त कक्ष, पेयजल हेतु बोर खनन, विद्यालय भवन की पुताई जैसी आवश्यक मांग की। मंत्री प्रतिनिधि द्वारा सभी मांगों को शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही विद्यालय में रिक्त व्याख्याता पदों को जल्द भरने की भी सहमति दी गई।

### दिसंबर में 21 कोलकर्मी हुए सेवानिवृत्त, दी गई विदाई

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के विभिन्न खदानों ,वर्कशॉप,कार्यालयों सहित अन्य कार्यस्थल पर तैनात 21 कोलकर्मी बुधवार 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो गए, सेवानिवृत्त हुए कोल कामगारों में गायत्री खदान से बंधु राम, अवधेश सिंह, कृष्ण कुमार जायसवाल, रेहर खदान से शिवनाथ, संत राम, सुध राम, सजन राम, कुमदा सब एरिया से बोधन, मंगल साय, दिलीप कुमार सिंह, रामेश्वर, सुरेन्द्र प्रसाद, लिखन राम, बलरामपुर 10-12 खदान से जाकिर हुसैन, अमर सिंह, धनी राम, बिश्रामपुर ओसीएम से गोपी, आमगांव ओसीएम से अनिल कुमार सिंह,अब्दुल समद अंसारी एवं एरिया हेड क्वार्टर बिश्रामपुर से कुलदीप कुमार, मोनिका बड़ा के नाम शामिल हैं, सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को यूनिट स्तर पर विदाई समारोह का आयोजन कर सभी को भावभीनी विदाई दी गई।

### कार्यभार ग्रहण न करने पर सहायक शिक्षक निलंबित

**बलरामपुर।** युक्तियुक्तकरण 2025 के तहत अतिशेष शिक्षकों का चिन्हांकन कर पदस्थापना हेतु 4 जून 2025 को जिला स्तरीय ओपन काउंसलिंग रखी गई थी। उक्त काउंसलिंग में शासकीय प्राथमिक शाला अमदरी के सहायक शिक्षक एलबी सुखदेव राम बेक की उपस्थिति एवं शाला चयन सहमति पत्र के आधार पर सहमति पदस्थापना आदेश शासकीय प्राथमिक शाला औराझरिया में किया गया था। उक्त सहमति पदस्थापना आदेश के बावजूद सुखदेव राम बेक निर्धारित समयावधि तक नवीन पदस्थापना शाला में आज दिनांक तक अपने नवीन पदांकित शाला शासकीय प्राथमिक शाला औराझरिया, विकासखंड रामचंद्रपुर में कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया है।

## दरिमा रोड स्थित एक गोदाम से बरामद किया 40 लाख कीमत की 300 पेटी शराब

# साल के अंतिम दिन संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने पकड़ा अंग्रेजी शराब का जखीरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संभाग में बड़े पैमाने पर दिगर राज्यों की शराब को खपाने का कार्य लंबे समय से जारी है। पूर्व में भी कई अवैध कारोबारी आबकारी विभाग के हत्थे चढ़ चुके है और उनके पास से बड़ी मात्रा में दिगर राज्यों की शराब जब्त की गई है। नए साल के आगमन व नव वर्ष के के मद्देनजर संभाग में नशे के अवैध कारोबारियों के विरुद्ध संभागीय उड़नदस्ता टी द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में आज संभागीय उड़नदस्ता टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने दरिमा रोड स्थित एक गोदाम में दबिश देकर 40 लाख कीमत के 300 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त किया साथ ही शराब विक्रेता को धर दबोचा। आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

**खास बात**

- नए साल में हरियाणा की शराब को खपाने लाया गया था शहर

नए न्यू ईयर को लेकर अंग्रेजी शराब के अवैध कारोबारी न सिर्फ सक्रिय हो गए है बल्कि दूसरे राज्यों से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब अपने गोदाम व अन्य जगह संग्रहित कर रखने लगे है। ऐसे में संभागीय उड़न दस्ता की टीम द्वारा शहर सहित जिले के विभिन्न गांवों में गश्त बढ़ा दी है। वर्ष के अंतिम दिन आबकारी उड़नदस्ता टीम को उस समय अब तक की सबसे बड़ी सफलता हाथ लगी, जब मुखबिर की सूचना पर दरिमा मेन रोड मानिक प्रकाश पुर में एक किराए के गोदाम से 40 लाख कीमत के 300 पेटी हरियाणा राज्य की अंग्रेजी शराब हो जब्त किया। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि नए वर्ष के अवसर पर अवैध मदिरा के तस्करी की पूरी संभावना के मद्देनजर क्षेत्र में अपने मुखबिर लगा रखा था। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि दरिमा मेन रोड मानिकप्रकाशपुर समीप दीपक ट्रांसपोर्ट का मालिक सौरभ सिंह भारी मात्रा में हरियाणा राज्य के अंग्रेजी शराब मंगाया है और गोदाम में रखकर विभिन्न जगह खपाने के फिराक में है। सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता सुबह ही सौरभ सिंह को उसके घर से हिरासत में लेकर उसके किराए के गोदाम में ले गए। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने जब गोदाम की तलाशी ली गई तो उनके होश उड़ गए। गोदाम में अंग्रेजी शराब का जखीरा था। टीम ने गोदाम से लगभग 40 लाख कीमत के हरियाणा राज्य की 300 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया। टीम ने शराब को जब्त कर ट्रांसपोर्ट के मालिक सौरभ सिंह को गिरफ्तार कर लिया। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई जिसमें आबकारी उपनिरीक्षक टीआर केहरी, मुख्य आरक्षण कुमारू राम, अशोक सोनी रमेश दुबे, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं आबकारी स्टाफ नीरज चौहान सक्रिय रहे।



जब्त शराब के साथ आबकारी अधिकारियों की गिरफ्त में आरोपी।

### पहले भी पकड़ गया था सौरभ सिंह का मैनेजर

सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया की पहले भी सौरभ सिंह के दीपक ट्रांसपोर्ट गोदाम से उसके मैनेजर बाल भगवान पांडे के कब्जे से पंजाब राज्य के 14 लाख कीमत के 165 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा गया था। बाल भगवान पांडे पूर्व में शराब ठेकेदार के साथ काम करता था। परंतु अंग्रेजी शराब ठेका पद्धति समाप्त होने के बाद वह खुद का कारोबार शुरू किया था। मैनेजर को जेल डाला गया था इसलिए मुखबिर की सूचना विश्वसनीय लगी और सफलता भी हाथ लगी। सरगुजा संभाग की आबकारी विभाग की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई बताई जा रही है, जो आबकारी उड़नदस्ता टीम द्वारा की गई है।

### लगातार की जाएगी कार्रवाई

संभाग में नशे के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान लगातार जारी रहेगा। नव वर्ष पर शहर के विभिन्न जगहों में बेचने के फिराक से हरियाणा से अंग्रेजी शराब मंगा कर गोदाम में रखा था। मुखबिर की सूचना पर बड़ी सफलता मिली। इस प्रकार की कार्रवाई लगातार की जाएगी।

-रंजीत गुप्ता
सहायक जिला आबकारी अधिकारी



## कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी लागू करने के संबंध में रैली निकाल ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन 29 से 31 दिसंबर तक प्रदेशभर में अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

फेडरेशन के जिला संयोजक डॉ. आरएस सिंह ने बताया कि यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण व लोकतांत्रिक ढंग से आयोजित किया गया। जिले के सुदूर अंचलों के सभी कर्मचारी-अधिकारी रैली में शामिल हुए और आवाज बुलंद किए। फेडरेशन के सभी संगठनों, पदाधिकारियों व कर्मचारियों से इस ऐतिहासिक आंदोलन में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। फेडरेशन की 11 सूत्रीय मांग में केंद्र सरकार के समान कर्मचारियों व पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता लागू करने, डीए एरियर की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित करने, कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाने, वेतन विसंगतियों को दूर करने पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने सहित अन्य मांग शामिल है। जिला संयोजक ने बताया कि आज उक्त मांगों के निराकरण के लिए सरकार को ध्यानाकर्षण कराया गया है, यदि जल्द ही इस पर विचार नहीं किया गया तो आगामी समय में पूरे प्रदेश में तालाबंदी कर वृहद आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान प्रतिमा सिंह, मो.इकबाल अंसारी, सचिन त्रिपाठी, मनीष दीपक साहू, निर्मल भट्टाचार्य, विजय साहू, महेश पैकरा, गोपाल विश्वकर्मा, आदेश कुमार रवि, राधेश्याम साहू, रमेश राजवाड़े, श्रीमती ज्योतिष, साधना श्रीवास्तव, आदित्य शर्मा, आरबी शुक्ला, वेद प्रकाश, धीरेंद्र उपाध्याय, राजकुमार सिंह, कमलेश यादव, प्रदीप सिंह, रामनिवास साहू, सतीश प्रताप सिंहदेव, कृपालनाथ तिवारी, महावीर ठाकुर, विन्देश गुप्ता, ज्योति साधना, माया शर्मा, अनुरंजन देव सहित अन्य कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।

## सलका टीम ने जीती मां महामाया कप क्रिकेट प्रतियोगिता

**सलका अधिना।** सलका हाई स्कूल मैदान पर 22 दिसंबर से चल रहे मां महामाया कप ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। फाइनल मुकाबला मुख्य अतिथि सफी अहमद की उपस्थिति में खेला गया। फाइनल मुकाबला महेशपुर और सलका के बीच संपन्न हुआ जिसमें महेशपुर की टीम ने निर्धारित 14 ओवर में 154 रन ही बना सकी। इधर लक्ष्य का पीछा करने उतरी सलका सी की टीम ने चार विकेट खोकर 12 वें ओवर में लक्ष्य का पीछा कर लिया। टीम के सागर पाण्डे ने 22 गेंद में 64 रन वहीं विकास गुप्ता ने 18 दिन में 44 रन बनाकर मैच को अपने नाम किया। विजेता टीम को 30 हजार रुपए नगद व शील्ड और उपविजेता टीम को 15 हजार नगद रूपए व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस टूर्नामेंट के दौरान 14 साल से छोटे बच्चों का भी मैच हुआ था जिसमें टुकटुक इलेवन ने मैच जीता इन्हें भी कप प्रदान किया गया। इस दौरान नीरू श्रीवास्तव, अनिल शर्मा, अनुराग सिंह, शिव कुमार अगरिया, देवेंद्र, राघवेंद्र, दीपेंद्र, संतोष, प्रेमचंद, सतीश, रविकरण, आशीष,सुदामा, कृष्णा, सुशील सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।



## नववर्ष के आगमन पर एसएसपी ने शहर में लगाई कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

अगर आप नए साल का जश्न मनाने जा रहे हैं और नशे में हैं या फिर रैश ड्राइविंग कर रहे हैं, तो सावधान हो जाएं, क्योंकि नए वर्ष में हुड़दंगियों को रोकने के लिए पुलिस ने विशेष तैयारी की है।



- नए साल की जश्न पर पुलिस की रहेगी कड़ी नजर

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने नववर्ष के आगमन पर जिले के सभी प्रमुख स्थानों, चौक-चौराहों, पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों की बैठक ली और जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सीएसपी व एसडीओपी सहित थाना-चौकी प्रभारियों को 31 दिसम्बर के रात्रि 7 बजे से रात्रि 1 बजे तक प्रभावी रूप से पैदल गश्त व पेट्रोलिंग करने, फिक्स प्वाईंट पर सजगता से चेकिंग करने, ड्रंक एंड ड्राईव और यातायात नियमों के उल्लघंन पर कार्रवाई तथा नए वर्ष में जिले के सभी पिकनिक स्थलों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस के अधिकारी व जवानों की ड्यूटी लगाई है। असामाजिक तत्वों की प्रत्येक गतिविधियों पर पुलिस की विशेष पैनी नजर रहेगी। नववर्ष के दौरान 7 राजपत्रित अधिकारी सहित निरीक्षक व करीब 500 पुलिस अधिकारी व जवानों की तैनाती की गई है। एएसपी संतोष महतो के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन कर ढाबों, होटलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अवैध शराब सेवन, हुड़दंग एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि नव वर्ष के अवसर पर गलत अफवाहो पर ध्यान न दें और यदि कोई गलत अफवाह फैलाता है तो उसकी तुरंत सूचना पुलिस को दे। सोशल मीडिया पर पुलिस लगातार नजर बनाए हुए है। नव वर्ष की आड़ में असामाजिक गतिविधियां करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।



### नए साल के जश्न में हुडदंग करने वालों पर होगी पुलिस की कड़ी नजर

**बलरामपुर।** नए साल के मौके पर पर्यटन स्थलों के साथ ही जिले में चौक चौराहों पर पुलिस का कड़ा पहरा रहेगा। इस दौरान हुडदंग मचाने और नए साल के जश्न में खलल डालने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साल 2026 के स्वागत को लेकर जिले में खासा उत्साह है। इस दौरान जिले के पर्यटन स्थल गुलजार हो चुके है और लोग पिकनिक मना रहे है। इस बीच नए साल के जश्न को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए एसपी वैभव बैंकर ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए है। जिले के विभिन्न पिकनिक स्पॉट व पर्यटन स्थलों पर 300 से अधिक पुलिसकर्मियों, 50 से अधिक होमगार्ड जवानों की तैनाती की गई है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पेट्रोलिंग टीम, फिक्स पिकेट के जरिए अराजक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। शराब पीकर व नशे में हुड़दंग करने वालों, यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जाएगी। 31 दिसंबर की शाम से 1 जनवरी की शाम तक दर्शनीय, पिकनिक स्थल, होटल, ढाबा, रिसॉर्ट और अन्य पार्टी स्थलों पर पुलिस की रहेगी सख्त निगरानी। इस दौरान डीजे निर्धारित समय अवधि एवं निर्धारित डेसीबल में ही बजाने की अनुमति होगी, नियम नहीं मानने पर डीजे जब्ती व वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। एसपी वैभव बैंकर के निवासियों से आह्वान किया है कि नया साल खुशियों मनाने का है, हुड़दंग का नहीं, पुलिस अलर्ट है, सीसीटीवी कैमरे एक्टिव हैं, नियमों को मानिए, पुलिस का सहयोग करें।

## मंत्री राजवाड़े के प्रयासों से नवाटोला से घुईडीह तक पक्की सड़क की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

भटगांव विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। कैबिनेट मंत्री और क्षेत्रीय विधायक लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए क्षेत्र में 150.56 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई है।

- जन प्रतिनिधियों ने बाइक से लिया सड़क का जायजा

इसी क्रम में नवाटोला मुख्य मार्ग से घुईडिह तक लगभग 25 किलोमीटर अनुमानित लागत 28 करोड़ 99 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिस पर कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर प्रसाद राजवाड़े, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण पैकरा, जिला उपाध्यक्ष शोभनाथ राजवाड़े, मण्डल उपाध्यक्ष प्रवीण गुर्जर, बृजेश कांशी, प्रियंशु यादव व अधिकारियों ने बाइकसे सड़क का जायजा लिया। स्थानीय ग्रामीण का कहना है कि बेलामी, बांकी, गढ़ईपारा जैसे क्षेत्रों में आजादी के बाद से आज तक कोई भी विधायक मंत्री नहीं पहुंचा था। लेकिन कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ही ऐसे विधायक हैं जिन्होंने ने चुनाव के समय दो साल पूर्व यहां पहुंची थीं। उन्होंने ने मूलभूत सुविधा 25 किलोमीटर सड़क निर्माण करने की घोषणा की थी। अब ऐसे में सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति मिलने से क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि इस सड़क का निर्माण होने से हरिहरपुर, बेलामी, बांकी, गढ़ईपारा, घुईडिह, छतरंग जैसे क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायता मिलेगी। साथ ही आवागमन में सुविधा होगी।

लोगों को बनारस जैसे जगहों पर जाने के लिए कम दूरी तय करना पड़ेगा। इस मार्ग के बनने से गढ़ई व कागज नालों पर पर्यटन स्थल की अपार संभावनाएं व्यक्त की जा रही है। क्योंकि यह सड़क नदी के किनारे होते हुए गुजरेगी। क्षेत्र में बहुत सारे मनमोहन दृश्य है जो मैनपाट से भी बेहतरीन नजारे है। क्योंकि ओड़गी के इस क्षेत्र को प्राकृतिक सौंदर्य का हृदय स्थल माना जा रहा है। इस कार्य की स्वीकृति से क्षेत्रवासियों में उत्साह है।



## बिरला स्कूल में राष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध डांसरों का स्वागत

**अंबिकापुर।** शहर के प्रतिष्ठित बिरला ओपन माइंडस इंटरनेशनल स्कूल में आज उस समय उत्साह का माहौल बन गया जब देश के लोकप्रिय युवा डांसर हिमांशु पॉप, स्नेहा वर्मा और अर्जुन साठे स्कूल परिसर पहुंचे, इस दौरान विद्यालय में कलाकारों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर डांसरों ने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया तथा नृत्य के क्षेत्र में अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बच्चों को बताया कि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और आत्मविश्वास के माध्यम से किसी भी मंच पर सफलता प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक डांस सेशन/प्रदर्शन भी प्रस्तुत किया गया, जिसे सभी ने अत्यंत सराहा। विद्यालय के उप निदेशक सूरज मित्तल, प्रधानाचार्य मनोज कर्माकर और कुनाल गोयल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को निखारने तथा उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की प्रेरणा देते हैं। विद्यालय परिवार ऐसे रचनात्मक आयोजनों को आगे भी निरंतर आयोजित करता रहेगा। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए एक यादगार और प्रेरणादायक अनुभव सिद्ध होगा।



स्वागत नववर्ष




# 2026 में लगा 5250 करोड़ का दांव!

## इन पांच अपकमिंग फिल्मों से दहलेगा बॉक्स ऑफिस

साल 2025 में छावा, सैयारा और धुरंधर जैसी फिल्मों के तूफान ने अब 2026 के लिए उम्मीदें बढ़ा दी हैं। यह साल इन तीन फिल्मों के लिए सबसे खास रहा। एक हिस्टोरिकल, एक रोमांटिक और एक स्पाई थ्रिलर का जलवा इतना जबरदस्त रहा कि मेकर्स मालामाल हो गए। अब इंतजार साल 2026 का है। नए साल में नया धमाका होने वाला है। इस साल कई बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं जिन पर मेकर्स बेतहाशा पैसा लगा रहा हैं। इस साल पांच बड़ी फिल्मों पर 5 हजार से भी ज्यादा का दांव लगाया गया है।

### बॉर्डर 2

सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ जैसे सितारों से सजी मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म बॉर्डर 2 अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। यह फिल्म गणतंत्र दिवस से पहले यानी 23 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म का बजट 150 से 300 करोड़ रुपए के बीच बताया जा रहा है।

### धुरंधर 2

आदित्य धर निर्देशित धुरंधर की सफलता के बीच इसके दूसरे पार्ट यानी धुरंधर 2 का बेसब्री से इंतजार हो रहा है। फिल्म चार महीने के अंदर ही थिएटर्स में दस्तक देने वाली है। यह 2026 की मोस्ट एंटीसिपेटेड मूवीज में से एक है जो अगले साल 19 मार्च को बड़े पर्दे पर आएगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक पहले और दूसरे पार्ट को मिलाकर मेकर्स ने करीब 400 करोड़ रुपए खर्च किए हैं।




### रामायण

2026 में रिलीज हो रही सबसे बड़ी फिल्मों में एक नाम रामायण का भी है जिसको लेकर पिछले कुछ सालों से चर्चा है। दो पार्ट में रिलीज हो रही फिल्म पर कथित तौर पर 4000 करोड़ रुपए बजट लगाया जा रहा है। पहला पार्ट 2026 की दीवाली पर रिलीज होगी और दूसरा पार्ट 2027 में आएगा। फिल्म में भगवान राम का किरदार रणबीर कपूर निभाते हुए दिखाई देंगे।

### लव एंड वॉर

हीरामंडी सीरीज के बाद अब संजय लीला भंसाली लव एंड वॉर लेकर आ रहे हैं। इस मच अवेटेड फिल्म में विक्की कौशल, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट लीड रोल में हैं। फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। कथित तौर पर इस फिल्म को 200 करोड़ रुपए में बनाया जा रहा है।

### किंग

तीन साल बाद फिर से बॉलीवुड के बादशाह शाह रुख खान की वापसी होने जा रही है। वह सिद्धार्थ आनंद निर्देशित किंग में नजर आएंगे जो अगले साल रिलीज होगी। हालांकि, अभी तक इसकी रिलीज डेट कन्फर्म नहीं की गई है। फिल्म का बजट 350 करोड़ रुपए बताया जा रहा है।





# 120 बहादुर ओटीटी पर 16 जनवरी को होगी रिलीज

**मुंबई।** फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' अब ऑनलाइन रिलीज होने के लिए तैयार है। आप इस फिल्म को नए साल पर और गणतंत्र दिवस से कुछ दिन पहले घर बैठकर देख सकेंगे। ये दो महीने पहले थिएटर्स में रिलीज हुई थी। इसे दर्शकों का मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला था। सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद '120 बहादुर' फिल्म अब डिजिट रिलीज के लिए तैयार है। ये ऐतिहासिक वॉर ड्रामा 21 नवंबर को थिएटर्स में रिलीज हुआ था। अब जनवरी 2026 में ओटीटी पर दस्तक दे देगी। '120 बहादुर' फिल्म 16 जनवरी 2026 से अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। यह फिल्म केवल सब्सक्राइबर्स के लिए ही उपलब्ध होगी।

लाइफ Style

# चित्रांगदा

## अकेली हूं पर कोई बेचैनी नहीं

एजेंसी ⏭ मुंबई

चित्रांगदा सिंह ने साल 2005 में 'हजारों ख्वाहिशें ऐसी' से फिल्मों में डेब्यू किया। अपने कॅरियर की शुरुआत से ही जोधपुर में पैदा हुई इस हसीना ने इंडस्ट्री में अपने अभिनय का सिक्का जमाया। अर्थपूर्ण भूमिकाओं को तरजीह दी।

ये साली जिंदगी, इनकार, साहब बीवी गैंगस्टर 3 जैसी फिल्मों में उनके काम की खूब सराहना हुई। लेकिन, उनके कॅरियर का सबसे मुश्किल दौर वो था, जब सात साल के अंतराल के बाद उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कमबैक किया। एक सिंगल पैरंट होने ले कारण आप कितनी सशक्त हुई हैं? इस पर उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैं इस बारे में कोई बात करना चाहूंगी, क्योंकि मेरा मानना है कि को-पैरेंटिंग होती है, सिंगल पैरेंटिंग नहीं होती। मैं इसमें किसी चीज का क्रेडिट नहीं लेना चाहूंगी। को-पैरेंटिंग जरूरी है। ये आवश्यक है कि आप उसे किस परिपक्वता के साथ हैंडल करते हैं। उन्होंने कहा कि मेरे जीवन के अप्स एंड डाउन ने मुझे बहुत हेल्प किया। वो जरूरी था बहुत। आपकी जो इमोशनल ग्रोथ होती है, वो निजी जिंदगी की कठिनाइयों से ही आती है। जो चीजें आपको व्यक्तिगत जीवन में प्रभावित करती हैं, उन्हीं से आप सबक लेकर मजबूत बनते हैं। उन तमाम उतार-चढ़ावों ने मेरी बहुत मदद की और आज में काफी खुशनुमा व्यक्ति हूं। आज मैं अपने आपको ज्यादा समझती हूं और खुद से खुश भी हूं कि आज मैं अकेली हूं, मगर मेरे अंदर बेचैनी नहीं है। एक अभिनेत्री के रूप में भी मैं आज भावनात्मक रूप से संपन्न हूं।



हॉलीवुड मसाला



# डूम्सडे में थॉर की वापसी का ऐलान

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियो ने 'एवेंजर्स: डूम्सडे' के चार टीजर में से दूसरा भी रिलीज कर दिया है। पहले जहां कैप्टन अमेरिका की एमसीयू में वापसी का टीजर शेयर किया गया था, वहीं, अब नए टीजर में थॉर की वापसी का ऐलान किया गया है। वह अपने दिवंगत देवता पिता ओडिन से आखिरी युद्ध पर जाने के लिए आशीर्वाद मांग रहा है। मार्वल वाले 'डूम्सडे' की कहानी को लेकर भरपूर सीक्रेसी बना रहे हैं। हालांकि, उनके चार में से तीन टीजर रिलीज से पहले ही लीक हो गए और फैंस को डॉक्टर डूम के रूप में रॉबर्ट डाउनी जूनियर की भी झलक दिख गई।



# टायरीज ने 14 साल की उम्र में सड़कों पर देखे थे दंगे

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार टायरीज डार्नेल गिब्सन ने एक ऐसी फिल्म की थी, जिसमें काम करते वक्त इनकी रूह कांप गई थी। जानते हैं क्यों? लॉस एंजिल्स के जिस दंगे पर ये फिल्म बनी थी इन्होंने अपने सामने होते हुए देखे थे। तब वो महज 14 साल के थे। उन्होंने सड़कों पर लूटपाट, दंगे और विरोध प्रदर्शन देखा था, और फिल्म करते वक्त वो सब मंजर आंखों के आगे तैर गया था। टायरीज का बचपन काफी स्ट्रगल से भरा रहा। वे लॉस एंजिल्स के वॉट्स इलाके में पले-बढ़े, जिसे अमेरिका के डिफिकल्ट सोशल एरियाज़ में गिना जाता है। शुरुआती दिनों में उन्होंने ऐड से कॅरियर की शुरुआत की। 1990 के दशक में एक कोका-कोला ऐड से उन्हें पहली बार काफी पहचान मिली। इसके बाद उनका इंटरेस्ट म्यूजिक की ओर गया और 1998 में उन्होंने अपना पहला आर एंड बी एल्बम टायरीज रिलीज किया, जो काफी सफल रहा।

टीवी मसाला




# केबीसी 17 फिनाले में सिंगिंग का हुनर दिखाएंगे बिग बी

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का क्विज बेस्ड रियालिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति'का 17वां सीजन फिनाले के करीब पहुंच गया है। 'केबीसी 17' का फिनाले वीक जारी है जिसकी शुरुआत कुमार मंगलम बिरला के एपिसोड से हुई और अब ये खत्म होने को आय़ा है। आखिरी एपिसोड में अमिताभ बच्चन फैंस को अपने स्पेशल सरप्राइज से हैरान करने वाले हैं। बिग बी लास्ट एपिसोड में करीबन 32 मिनट तक नॉन स्टॉप गाने गाते नजर आएंगे। अमिताभ बच्चन अपने कुछ पसंदीदा गीत गाते दिखेंगे। उन्होंने बागबान का होरी खेले रघुवीरा, सिलसिला का रंग बरसे भीगे चुनरवाली, तीसरी कसम का चलत मुसाफिर, लावारिस का मेरे अंगने में जैसे अपने सदाबहार गाने और कुछ खास पारंपरिक गीत भी गाए। कुल 32 मिनट तक बिग बी ने गाना गाकर फैंस का मनोरंजन किया। अमिताभ बच्चन का यह अनोखा और भावुक अंदाज पूरे स्टूडियो का माहौल और भी खास बना देगा और फिनाले को एक बड़े जश्न में बदल देगा। यह खास पल तब सामने आएगा जब सेट पर एक स्पेशल एवी चलाया जाएगा, जिसमें सीजन की यात्रा, कहानियां और भावनात्मक लम्हे दिखाए जाएंगे। इस फिल्म को देखकर कंटेस्टेंट्स, ऑडियंस और खुद अमिताभ बच्चन भी भावुक हो जाते हैं। सभी का जोश बढ़ाने के लिए बिग बी ने खुद बिना रुके गाने का फैसला किया। अमिताभ बच्चन लगातार गाते नजर आएंगे और ऑडियंस खड़े होकर तालियां बजाएगी, चीयर करेगी और उनके साथ गाएगी।'कौन बनेगा करोड़पति' की बात करें तो यह शो नॉलेज देने के साथ-साथ फिल्ममेकर्स के लिए अपनी फिल्मों और प्रोजेक्ट्स के प्रमोशन का हॉटस्पॉट भी बन गया है।

# नीम करोली बाबा पर नई वेब सीरीज 'संत', एआई से दिखाए जाएंगे कैंची धाम बाबा के चमत्कार

**मुंबई।** चमत्कारी संतों में शुमार किए जाने वाले नीम करोली बाबा की जिंदगी पर एक वेब सीरीज का ऐलान किया गया है, जिसका नाम 'संत' है। यह सात पार्ट की वेब सीरीज होगी, जिसे कई भाषाओं में बनाया जाएगा। इसमें महान संत नीम करोली बाबा के जीवन, दर्शन और वैश्विक प्रभाव की कहानी दिखाई जाएगी। नीम करोली बाबा, कैंची धाम बाबा के नाम से भी मशहूर हैं। ये वही संत हैं, जिन्होंने स्टीव जॉब्स, मार्क जकरबर्ग और जूलिया रॉबट्र्स जैसी अंतरराष्ट्रीय हस्तियों को भी गहराई से प्रभावित किया था। 'संत' सीरीज नीम करोली बाबा की असाधारण आध्यात्मिक यात्रा, उनके प्रेम, सेवा, भक्ति और करुणा के दर्शन को आधुनिक सिनेमा की भाषा में दुनियाभर के दर्शकों तक पहुंचाने का प्रयास है। 'संत'को एक ऐसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रोजेक्ट के रूप में तैयार किया जा रहा है, जो भारतीय आध्यात्म और विश्व सिनेमा के बीच एक पुल का काम करेगा।



**2 साल से चल रहा काम** : इस प्रोजेक्ट पर पिछले दो साल से काम चल रहा है, जिसमें रिसर्च भी शामिल है। इसमें आध्यात्मिक विद्वानों, इतिहासकारों और क्रिएटिव एक्सपर्ट्स की भी मदद ली गई है ताकि प्रेजेंटेशन पूरी तरह प्रामाणिक, संवेदनशील और गहराईपूर्ण हो।

### 20 भाषाओं में बनेगी 'संत' सीरीज

नीम करोली बाबा पर 'संत' सीरीज को 20 भाषाओं में तैयार किया जाएगा। इसमें AI की मदद ली जाएगी और नीम करोली बाबा के विजुअल्स तैयार किए जाएंगे। साथ ही इसमें लाइव-एक्शन सिनेमैटिक शूट और हाई-एंड वीएफएक्स भी भरपूर होंगे ताकि अलग-अलग कालखंडों और घटनाओं को उसी तरह से प्रभावशाली ढंग से दिखाया जा सके, जैसी वो घटी थीं।

# 2026 में पर्दे पर धमाल मचाने आ रहीं हॉलीवुड की ये फिल्में

**मुंबई।** साल 2026 आने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं और नए साल के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर हॉलीवुड फिल्मों की जबरदस्त हलचल देखने को मिलेगी। सुपरहीरो यूनिवर्स, ऐनिमेशन, हॉरर और एडवेंचर से भरपूर कई बड़ी फिल्में 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं, जिनका दर्शक लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं।

**स्पाइडरमैन- ब्रैंड न्यू डे** : मार्वल स्टूडियोज की यह फिल्म स्पाइडरमैन फ्रैंचाइजी को एक नए दौर में ले जाती है। टॉम हॉलैंड एक बार फिर पीटर पार्कर के रूप में लौट रहे हैं। 'नो वे होम' के बाद पीटर की जिंदगी पूरी तरह बदल चुकी है और यही बदलाव इस फिल्म की कहानी की बुनियाद बनेगा। फिल्म में जेंडाया और जैकब बैटलोन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। ये फिल्म 31 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

**अवेंजर्स डूम्सडे** : मार्वल यूनिवर्स की सबसे बड़ी और बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक 'अवेंजर्स डूम्सडे' को फेज-6 की सबसे निर्णायक फिल्म माना जा रहा है। इस बार कहानी मल्टीवर्स के सबसे खतरनाक खतरे पर आधारित होगी। रिपोट्र्स के अनुसार फिल्म में कई पुराने एवेंजर्स के साथ नए सुपरहीरो भी शामिल होंगे। यह फिल्म 2026 के अंत में 18 दिसंबर को रिलीज होने वाली है।

**टॉय स्टोरी 5** : पिक्सार की सुपरहिट एनिमेटेड सीरीज 'टॉय स्टोरी' की पांचवीं फिल्म बच्चों के साथ-साथ बड़ों को भी भावुक करने वाली है। वुडी, बज और उनके दोस्त एक नई दुनिया और नई चुनौतियों का सामना करते नजर आएंगे। इंटरनेशनल एंटरटेनमेंट पोर्टल्स के अनुसार 'टॉय स्टोरी 5' 2026 की 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।








**28 ईयर्स लेटर- द बोन टेंपल** : हॉरर फिल्मों के शौकीनों के लिए 28 ईयर्स लेटर फ्रैंचाइजी की यह अगली कड़ी किसी तोहफे से कम नहीं है। 28 ईयर्स लेटर में वायरस से तबाह दुनिया की कहानी को और भी डरावने और यथार्थ रूप में दिखाया जाएगा। फिल्म में नए कलाकारों के साथ पुराने किरदारों की झलक भी देखने को मिल सकती है। ये फिल्म अगले साल 16 जनवरी को दस्तक देने जा रही है।

**जुमानजी 3** : ड्वेन जॉनसन, केविन हार्ट और जैक ब्लैक स्टारर 'जुमान जी' एक बार फिर एडवेंचर और कॉमेडी का तड़का लगाने आ रही है। इस बार जुमांजी की दुनिया और भी खतरनाक और रहस्यमयी होने वाली है। रिपोट्र्स के मुताबिक ये फिल्म 11 दिसंबर 2026 को रिलीज होगी।

**द ओडिसी** : प्रसिद्ध ग्रीक महाकाव्य पर आधारित द ओडिसी एक भव्य ऐतिहासिक-एडवेंचर फिल्म होगी। इसमें युद्ध, साहस और इंसानी संघर्ष को बड़े पैमाने पर दिखाया जाएगा। हॉलीवुड की बड़ी प्रोडक्शन कंपनियां इस प्रोजेक्ट को अवॉर्ड-कंटेंडर मानकर चल रही हैं। ये फिल्म अगले साल 17 जुलाई को रिलीज होने जा रही है।

**द मंडलोरियन एंड ग्रोगु और सुपरगर्ल** : स्टार वॉर्स यूनिवर्स की यह फिल्म डिज्नी प्लस की लोकप्रिय सीरीज को बड़े पर्दे पर लेकर आएगी। मंडलोरियन और ग्रोगु की जोड़ी एक नए मिशन पर निकलती नजर आएगी। इंटरनेशनल रिपोट्र्स के अनुसार यह फिल्म 2026 की 22 मई को रिलीज होने वाली है।

**स्ट्रीट फाइटर** : फेमस वीडियो गेम पर आधारित स्ट्रीट फाइटर एक बार फिर लाइव-एक्शन अवतार में लौट रही है। फिल्म में दमदार फाइट सीक्वेंस, नए किरदार और हाई-ऑक्टेन एक्शन देखने को मिलेगा। मेकर्स इसे ग्लोबल ऑडियंस के लिए बड़े स्तर पर पेश करने की तैयारी में हैं। ये फिल्म 16 अक्टूबर 2026 को रिलीज होगी।

1- JAN -JAS- bhoomi - pg-04_Layout 1 1/1/2026 8:29 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### धमतरी में 10 से 24 तक होगी अग्निवीर भर्ती रैली

**रायगढ़।** भारतीय सेना द्वारा जनवरी 2026 में प्रस्तावित अग्निवीर भर्ती रैली को लेकर तैयारियाँ तेज हो गई हैं। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा अग्निवीर भर्ती रैली के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। यह भर्ती रैली 10 से 24 जनवरी 2026 तक इंडोर स्टेडियम धमतरी में आयोजित की जाएगी। इस भर्ती रैली में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 33 जिलों के पुरुष उम्मीदवार भाग लेंगे। रैली के अंतर्गत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क स्टोर कीपर और अग्निवीर ट्रेड्समैन 10वीं एवं 8 वीं पास श्रेणियों की भर्ती की जाएगी। सेना भर्ती कार्यालय द्वारा जानकारी दी गई कि 30 जून से 10 जुलाई तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा सीईई आयोजित किया गया था। इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थी अब शारीरिक दक्षता परीक्षा और अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में शामिल हो सकेंगे।

### मुनाफा दिला रही प्राकृतिक खेती

**रायगढ़।** जिले के लैलूंगा विकासखण्ड के भकुर्रा गाँव में रहने वाले जयकुमार गुप्ता साधारण किसान नहीं, बल्कि नई सोच के प्रतीक हैं। बीए तक शिक्षित जयकुमार ने नौकरी की राह छोड़कर खेती को ही अपना भविष्य बनाया और यह साबित कर दिया कि सही सोच और तकनीक से खेती भी लाभ का बड़ा माध्यम बन सकती है। जहाँ एक ओर कई किसान रासायनिक खेती की बढ़ती लागत से परेशान हैं, वहीं जयकुमार गुप्ता प्राकृतिक खेती के सहारे न केवल निश्चिंत हैं, बल्कि आत्मनिर्भर भी बन चुके हैं। प्राकृतिक खेती कर रहे जयकुमार आज भी पशुधन को खेती की रीढ़ मानते हैं। उनके पास 3 गायें और 2 बैल हैंए जो उनकी खेती की आत्मा हैं। एक ही फसल पर निर्भर न रहकर वे धान, उड़द, मूंगफली और विभिन्न सब्जियों की खेती करते हैं। यह फसली विविधता न केवल उनकी आय को सुरक्षित करती है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता को भी बनाए रखती है। विज्ञान और परंपरा के संतुलन से वे जीवामृत, बीजामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र और हरी खाद का उपयोग करते हैं। ढैंचा और सनई जैसी फसलों से हरी खाद, फसलों के अवशेषों से कम्पोस्ट, फेरोमोन ट्रैपए लाइट ट्रैप और ट्राइकोडर्मा जैसे उपाय उनकी खेती को कीट और रोगों से सुरक्षित रखते हैं।

### निगम आयुक्त ने लिया गंगाधरपाली का जायजा

**राउरकेला।** राउरकेला नगर निगम आरएमसी ने शहर के स्लम और बस्ती क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में अपनी विशेष पहल को और आगे बढ़ाया है। मंगलवार शाम को आरएमसी आयुक्त दीना दस्तगीर ने गंगाधरपाली क्षेत्र का दौरा कर स्थानीय निवासियों से सीधे संवाद किया । उनकी दैनिक जीवन की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान वाटको, विद्युत विभाग, सीवरेज विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति, प्रभावी जल निकासी, सड़कों के किनारे बुनियादी ढांचे में सुधार और भरोसेमंद विद्युत सेवाओं की उपलब्धता को लेकर च र्चा की गई। आयुक्त ने गंगाधर पाली का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को चिन्हित समस्याओं के समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए।

# कच्ची जड़ी-बूटियों से इलाज करने वाले पारंपरिक वैद्यों का होगा सर्वे

## छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य एंव औषधि पादव बोर्ड की ओर से कराई जाएगी सर्वे

स्वतंत्र महंत ⏭ रायगढ़

हरिभूमि एक्सक्लूसिव



आधुनिकता के इस दौर में जब हम एआई की मदद ले रहे हैं, ऐसे वक्त में यदि प्राचीन समय में इलाज का एक मात्र माध्यम जंगल की कच्ची जड़ी-बूटियों को सहेजने की कवायद को लेकर मन में कुछ नकारात्मक विचार जरुर आ सकता है, लेकिन यह कुछ हद तक जरुरत भी है। इससे भावी पीढ़ियों को जहां इसकी महत्ता की जानकारी मिलेगी। वहीं विलुप्त हो रहे ऐसी पारंपरिक चीजों को सहेजा भी जा सकता है। ऐसे ही शासन ने कच्ची जड़ी-बूटियों से इलाज करने वाले पारंपरिक वैद्यों का सर्वे करने और उनको सहेजने कवायद शुरु कर दी है। इसका सर्वे छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य एंव औषधि पादव बोर्ड की ओर से कराई जाएगी। सर्वे का काम फॉरेस्ट्री में स्नातक और स्नातकोत्तर बॉयोलॉजी, बॉटनी, बायोटेक्नोलॉजी, बायो कैमेस्ट्री, माइक्रोबॉयलॉजी, सोशयोलॉजी, एमएसडब्ल्यू, एन्थ्रोपोलॉजी, एग्रीकल्चर और हॉर्टीकल्चर के अनुभवी व्यक्ति करेंगे।

प्राचीन समय में जंगली जड़ी- बूटियों से इलाज की परंपरा थी। यह केवल सभ्यता और संस्कृति में ही नहीं बल्कि रामायण में भी उल्लेख है। शासन की ओर से राज्य की समृद्ध वनस्पति और पारंपरिक आयुर्वेदिक ज्ञान को बचाने के लिए एक बड़ा कदम उठाई जा रही है। इसके तहत कच्ची जड़ी-बूटियों से इलाज करने वाले (पारंपरिक) वैद्यों का सर्वे कराया जा रहा है, ताकि उनके ज्ञान को संरक्षित किया जा सके। ऐसे लोगों को प्रशिक्षण देकर पंजीकृत किया जा सके और 'बूटी गढ़' जैसे केंद्रों के माध्यम से औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आयुर्वेद को मजबूत करने की कवायद की जा रही है।

### धमतरी में हुई है बूटी गढ़ की स्थापना

जानकारी के अनुसार धमतरी जिले में बूटी गढ़ नामक एक अनोखा केंद्र स्थापित किया गया है, जो जल संरक्षण और आयुर्वेदिक चिकित्सा का संगम है। रस शाला (रसायन बनाने की प्रयोगशाला) भी इसमें शामिल है। साथ ही किसानों को औषधीय पौधों की खेती करने और जनजातीय समुदायों को वन संपदा के संग्रह के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### यह है शासन का उद्देश्य

जानकारी के अनुसार शासन पारंपरिक ज्ञान और जड़ी-बूटियों को विलुप्त होने से बचाना चाहती है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में आयुर्वेद को एक प्रभावी चिकित्सा विकल्प बनाना, स्थानीय समुदायों की आजीविका को मजबूत करना, छग को आयुर्वेद और औषधीय पौधों के क्षेत्र में अग्रणी बनाना मुख्य उद्देश्य है। इसके तहत शासन की ओ से सभी पंजीकृत और अपंजीकृत वैद्यों का सर्वे कराने के बाद उन्हें प्रशिक्षण देकर प्रमाण पत्र देगी। ताकि दस्तावेजीकरण की कमी के कारण उन्हें परेशानी न हो।

## 50 लाख से ज्यादा की जमा है गांव के अपने बैंक में रकम, बने आत्मनिर्भर

# गांव के लोगों ने बनाया अपना बैंक, जमा राशि से स्कूल के लिए खरीदी जमीन

वीरेंद्र सोनी ⏭ सरिया

अलग खबर





गांव के बैंक में जमा राशि की गिनती करते ग्रामीण और गांव में जमा राशि से खरीदी गई जमीन में निर्मित स्कूल।

**खास बातें**

- सन 1988-89 से चल रहा है राजपुर में गांव
- शुरुआत में 25-25 रुपए से चालू किया गया था राशि जमा

सरिया क्षेत्र में एक ऐसा गांव राजपुर है। जहां लोग अपना गांव का बैंक बनाये हैं। और गांव इससे आत्मनिर्भर की ओर अग्रसर है। वर्ष 1988-89 में सबसे शुरू गांव के लोगों ने सामुदायिक सहयोग की भावना को ध्यान में रखते हुए 25-25 रुपए देकर एक छोटा सा बैंक का निर्माण किया। जिसमें 23 लोग जुड़े थे। इस छोटी सी रकम आज इतनी बड़ी पूंजी बन गई है कि गांव के लोग अब इसे अपना बैंक मानकर आत्मनिर्भर हैं। वर्ष के अंत में यहां लोग अपने द्वारा ली गई धनराशि को जमा करते हैं और इसी दिन फिर जरूरतमंद लोगों को पैसा लेकर इनके काम काज में सहयोग करते हैं। जिसके कारण गांव में पलायन की समस्या दूर हो गई है। और गांव आत्मनिर्भर की ओर अग्रसर है।

गांव के बैंक का नींव रखने वाले बड़े बुजुर्ग कान्हू चरण बताता है कि आज से करीब 35-36 साल पहले हम 23 लोग 25-25 रुपए इकट्ठा किया और इसे जरूरतमंदों को न्यूनतम ब्याज पर देकर उनको आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किया। जो आज हमारा गांव पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर है। बताते हैं कि भारत की आत्मा गांव में बसती है और इसकी समृद्धि किसान के अथक प्रयास से होता है। हमारा गांव किसानों का गांव है और हमारे बैंक के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो रहा है। यह एक ऐसी व्यवस्था है। जहां गांव के लोग अपनी जरूरत के लिए एक दूसरे पर और अपनों के बीच निर्भर हैं। जिसके कारण बाहर के दबाव से मुक्त होकर संवृद्धि जीवन की राह में है। वही गांव के प्रतिष्ठित नागरिक परदेसी प्रधान ने बताया कि गांव के बैंक की राशि से ही हम लोग जमीन खरीद कर शासन को दिए हैं। और शासन सहयोग से गांव में प्राइमरी स्कूल खुला है।

### मंदिर का किया निर्माण, राममंदिर के लिए भेजी राशि

इसी तरह धार्मिक आस्था के केंद्र को भी ध्यान में रखते हुए गांव में एक मंदिर का निर्माण कराया गया है। तथा पिछले वर्ष अयोध्या में हमारे छोटे से गांव राजपुर से ही एक लाख से ज्यादा की राशि मंदिर निर्माण के लिए सहायता दी गई है। आज गांव के इस बैंक में करीब 50 लाख से ज्यादा की रकम है, और गांव संवृद्धि की ओर अग्रसर है। समस्या है तो आवागमन को लेकर। हमारे गांव की सड़क बहुत ही जर्जर है। लेकिन हमारे पास उतना पैसा नहीं कि हम सड़क का निर्माण कर सकें। गांव में आबादी भूमि नहीं है। गांव में कुछ लोग अपने जमीन में घर बना कर निवास किया और देखते ही देखते आज गांव में अधिकांश लोग अपने जमीन में ही घर निर्माण कर जीवन यापन कर रहे हैं।



# पुसौर क्षेत्र के उपार्जन केन्द्रों का धान मिलों के तौल में आ रहा अंतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

उपार्जन केन्द्रों में तौल करते समय 400 ग्राम धान अधिक लिया जाता है जो प्रति किलोग्राम के अनुसार 10 ग्राम धान अधिक होता है। 400 ग्राम ज्यादा धान लेने के बाद उपार्जन केन्द्रों में स्टेकिंग कर दिया जाता है। इस धान को दो चार दिन बाद जब मिलर उठाता है तो उनके संस्थान में कम हो जाता है।

समिति प्रबंधकों व फड प्रभारियों का मानना है सभी बोरे साबूत रहते हैं इसके बावजूद धान के बोरे जब मिल पहुंचते हैं तो वहां वजन कम हो जाता है। जानकारी के अनुसार धान खरीदी से जुडे अधिकारी मिल वालों के वजन को सही मानते हैं और उपार्जन केन्द्र प्रभारी को गलत। ऐसे में जो धान की कमी आती है उसे संबंधित उपार्जन केन्द्र प्रभारी को भरना पड़ता है। उपार्जन केन्द्र प्रभारियों का कहना है कि किसानों से 400 ग्राम अधिक लेने के बाद स्टेक करके रखते हैं और उसके कुछ ही दिन बाद उठाव से मिल में पहुंचने से कमी आती है। उस तौल के समय केवल मिलर के लोग ही रहते हैं।

# आंदोलन को मिला आत्मानंद संविदा शिक्षकों का समर्थन



**बरमकेला।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा की जा रही कलम बंद काम बंद आंदोलन के अंतिम दिवस आंदोलन को और मजबूती मिली। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ ने फेडरेशन को अपना पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की, जिससे आंदोलन को नई ऊर्जा और व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एव कर्मचारी शिक्षक संघ के प्रतिनिधि के रूप में संघ के सारंगढ़ बिलाईगढ़ के जिलाध्यक्ष कुलदीप खटर्जी केशव डनसेना, श्री तिर्की उपस्थित रहे। संघ द्वारा जारी समर्थन पत्र में स्पष्ट किया गया कि छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ फेडरेशन के इस आंदोलन को पूर्ण नैतिक, वैचारिक एवं संगठनात्मक समर्थन प्रदान करता है। संघ ने कहा कि यह आंदोलन किसी एक विभाग या संवर्ग तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रदेश के समस्त कर्मचारियों, अधिकारियों, शिक्षकों एवं संविदाकर्मियों के सम्मान, सुरक्षा और भविष्य से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। संघ ने यह भी कहा कि कर्मचारियों और संविदाकर्मियों की जायज मांगों को लेकर फेडरेशन द्वारा चलाया जा रहा यह आंदोलन समय की आवश्यकता है, और इसमें सभी संगठनों को एकजुट होकर सहभागी बनना चाहिए। फेडरशन की ओर से केंद्र सरकार के समान कर्मचारियों एवं पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता लागू किया जाए, एरियर्स की राशि कर्मचारियों के खाते में समायोजित की जाए, सभी कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान देने समेत करीब 11 मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

# शिक्षक भर्ती को लेकर युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



- सहायक शिक्षको के 2300 पदों को भरने की मांग

सहायक शिक्षकों के 2300 रिक्त पदों को भर्ती की मांग को लेकर युवा कांग्रेस महासचिव राकेश पांडेय और युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष ग्रामीण उस्मान बेग के नेतृत्व में दर्जनों युवा कांग्रेस नेताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। डीएड बीएड संघ के अभ्यर्थियों को हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद प्रदेश सरकार ने उनकी नियुक्तियों पर रोक लगा रखा है, उच्च न्यायालय ने यह भी निर्देशित किया है की यह भर्ती दो माह के भीतर जारी किया जाए, दो वर्ष बीतने के बाद भी सभी शिक्षक नियुक्ति से वंचित है।

आवेदन में जल्द भर्ती करने की मांग की गई। प्रदेश महासचिव राकेश पांडेय ने कहा की कई अभ्यर्थियों की आयु सीमा लगभग समाप्ति की ओर है, जिसके कारण यह भर्ती उनके लिए अंतिम अवसर है। पात्र अभ्यर्थी लगभग दो वर्षों से योग्य होने के बावजूद नियुक्ति से वंचित है। भूपेश बघेल कांग्रेस सरकार के समय यह नियुक्ति निकाली गई थी जो अब तक अधूरी थी जिसे वर्तमान राज्य सरकार को कोर्ट ने भर्ती करने लताड़ लगाई थी और दो महीने में भरने आदेश किया था। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष उस्मान बेग ने कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश का पालन कर शिक्षक भर्ती 2023 के सहायक शिक्षक के पूरे 2300 रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया जल्द 1:3 के अनुपात में शुरू किया जाए। डीएड अभ्यर्थियों का अनिश्चितकालीन अनशन भी रायपुर में लगातार जारी है। इसमें शिक्षा विभाग से हस्तक्षेप कर अनशन समाप्त कराने और भर्ती प्रक्रिया तत्काल शुरू करने की मांग की गई है।

# लॉकर नहीं टूटा तो चोरों ने घर के पीछे झाड़ियों में फेंक दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- मालिक की सूचना पर खोजबीन कर पुलिस ने लॉकर को किया बरामद

दो दिन पहले फ्रेंड्स कॉलोनी में हुई चोरी की घटना में एक नया खुलासा हुआ है। इसमें घर का लॉकर तोड़ नहीं सके तो चोरों ने उसे झाड़ियों में फेंक दिया। इस तिजोरी को सूने घर के पीछे का ग्रील तोड़कर चोरों ने पार कर दिया। जब तिजोरी का लाक नहीं खुला तो उसे झाड़ियों में फेंककर चोर फरार हो गए।

जानकारी के मुताबिक फ्रेंड्स कालोनी के मकान नंबर 19 में रहने वाला आलोक अग्रवाल 37 साल पूरे परिवार के साथ शनिवार को अपने घर में ताला बंद कर निजी काम से रायपुर गया था। सोमवार को उसे वापस लौटना था। ऐसे में उसने अपनी काम वाली बाई को घर की सफाई करके रखने की बात कही। जब काम वाली बाई सफाई करने के लिए दोपहर में पहुंची, तो बाहर में ताला लगा है, जिसे खोलने का प्रयास की तो दरवाजा अंदर से बंद होने की वजह से नहीं खुला। इसके बाद उसने इसकी जानकारी आलोक को दी, तो उसने अपने रिस्तेदार को भेजा। तब रिस्तेदार वहां पहुंचे और घर के पीछे गए, तो जानकारी मिला कि पीछे की खिड़की का ग्रील टूटा हुआ है और जब वे खिड़की से अंदर गए तो देखा कि सब सामान बिखरा पड़ा है।



### झाड़ियों से हुआ बरामद

पुलिस मामले की जांच कर रही है। बुधवार को घर के पीछे जब जांच किया गया तो तो वहां झाड़ियों में तिजोरी मिली। पुलिस ने तिजोरी को बरामद किया। बताया जा रहा है कि इसमें करीब ढाई लाख कैश और लगभग 50 तोला सोने चांदी के जेवरात व सामान थे। वहीं आंकलन के बाद स्पष्ट खुलासा होने की बात कही जा रही है।

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी महोदय बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.)

**शपथ पत्र**

मैं परमेश्वर राम आ. केरसु राम, उम्र-47 वर्ष, जाति-नागवंशी, निवासी ग्राम पसिया, तह.-बगीचा, जिला जशपुर (छ.ग.) का स्थाई निवासी होकर निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूँ : 1. यह कि शपथकर्ता उपरोक्त नाम व पते का स्थाई निवासी है। 2. यह कि शपथकर्ता के पुत्र सुर्पानन्द के आधार कार्ड में उसका नाम सुर्पानन्द पिता परमेश्वर दर्ज है। 3. यह कि शपथकर्ता अपने पुत्र सुर्पानन्द का नाम परिवर्तन करा कर रूपानन्द पिता परमेश्वर कराना चाहता है। 4. यह कि शपथकर्ता यह शपथ पत्र छत्तीसगढ़ शासन के ''राजपत्र'' में अपने पुत्र सुर्पानन्द का नाम परिवर्तन की सूचना प्रकाशित कराने के लिए निष्पादित कर रहा है।

हस्ता. शपथकर्ता परमेश्वर

**सत्यापन**

मैं परमेश्वर राम आ. केरसु राम, उम्र-47 वर्ष, जाति-नागवंशी, निवासी ग्राम पसिया, तह.बगीचा, जिला जशपुर (छ.ग.) सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका क्र. 1 से 4 तक में लिखित समस्त जानकारी सही एवं सत्य है।

बगीचा दिनांक: 23.012.2025

गवाह :-

सत्यापनकर्ता परमेश्वर

## पृष्ठ 1 का शेष

### संगठित हिंदू समाज ...

बोर्ड छत्तीसगढ़) की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई, जिसने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। अतिथियों का पारंपरिक रूप से स्वागत एवं परिचय कराते हुए उन्हें मंचासीन कराया गया। इसके बाद वक्ताओं ने क्रमशः अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नारायण गुप्ता ने अपने संबोधन में हिंदू सनातन संस्कृति एवं परंपराओं की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म केवल आस्था नहीं, बल्कि जीवन पद्धति है, जो समाज को संस्कार, एकता और नैतिकता का मार्ग दिखाती है। मुख्य वक्ता हेमन्त नाग ने कहा संघ की स्थापना हिंदू समाज में व्याप्त विखराव, मतभेद और संगठन की कमी को दूर करने के उद्देश्य से की गई थी। आज समाज को संगठित रहकर अपनी सांस्कृतिक पहचान बनाए रखने की आवश्यकता है। उन्होंने पंच परिवर्तन के पांच बिंदुओं—सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व का बोध और नागरिक कर्तव्य—पर विशेष जोर देते हुए मातृशक्तियों से अपील की कि वे इन मूल्यों को अपने घर-परिवार से अपनाने की शुरुआत करें। कार्यक्रम के अंत में भारत माता की सामूहिक आरती की गई, जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। सम्मेलन में विशिष्ट रूप से सरपंच विकास साय बन्दरचुआँ, पंचु माली नागवंशी प्रांत सह घोष प्रमुख, राजकुमार सिंह जिला कार्यवाह, ऋषिकेश चक्रधारी जिला प्रचारक, शंकर यादव मंडल पालक, जगतपाल जिला घोष प्रमुख, पुरूषोत्तम सह घोष प्रमुख,गोविंद यादव, विनय चक्रधारी,अशोक चौहान खण्ड कार्यवाह, बिहारी नायक, राजकुमार चौहान, देवचरण, कमलेश सिंह, विनय गुप्ता मंडल कार्यवाह, रवि यादव मंडल संयोजक, जयदीप गुप्ता सह संयोजक, अनूप नारायण, सुखचंद राम, सोनसाय राम, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### 12 करोड़ के बड़े ...

प्रशासन को उम्मीद है कि जल्द ही इन प्रस्तावों को भी स्वीकृति मिलेगी, जिससे नगर का समग्र विकास सुनिश्चित हो सकेगा। जशपुर फोरम की बैठक में नगर के प्रबुद्ध नागरिकों ने कलेक्टर से रानी सत्ती तालाब के सौंदर्यीकरण, बस स्टैंड निर्माण तथा नए पार्क के निर्माण की मांग रखी थी। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभागों को प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए हैं।इसके अलावा अटल परिसर, तालाब पार्क, मटन मार्केट और चौपाटी के विकास कार्यों के प्रस्ताव पर भी शासन स्तर पर प्रक्रिया चल रही है। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने बताया कि वार्ड भ्रमण के दौरान नागरिकों द्वारा लगातार सड़क डामरीकरण की मांग की जा रही थी। नगर पालिका द्वारा आवश्यक प्रस्ताव शासन को भेजा गया था, जिसे स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने कहा कि "निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराए जाएंगे और गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### बाल सुरक्षा की दिशा ...

कराया गया जिनमें 40,830 लड़के व 14,316 लड़कियां थीं। इसके अलावा बच्चों की ट्रैफिकिंग के 42,217 मामले दर्ज कराए गए। इन समन्वित कार्रवाइयों के नतीजे व असर के बाबत (एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन समर्पित) के निदेशक (डॉ संदीप शर्मा ) ने कहा, "बाल सुरक्षा की दिशा में यह एक ऐतिहासिक साल रहा।

### यातायात नियमों पर ...

पालिका अध्यक्ष जशपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सड़क दुर्घटनाओं के तुलनात्मक आंकड़े प्रस्तुत किए गए। वर्ष 2023 में 256, 2024 में 341 तथा 2025 में 310 लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर्ज की गई। मुख्य अतिथि विधायक रायमुनि भगत ने कहा कि नशे की हालत में वाहन चलाना गंभीर सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण है। इससे न केवल चालक की जान जोखिम में पड़ती है, बल्कि अन्य राहगीरों और परिवारों का जीवन भी प्रभावित होता है। कलेक्टर रोहित व्यास ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए नियमों का पालन अनिवार्य है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जशपुर पुलिस ट्रिपल-ई मॉडल पर कार्य कर रही है। दुर्घटनाजन्य स्थलों पर सड़क सुधार, स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता तथा नियम उल्लंघन पर सख्त चालानी कार्रवाई इसके प्रमुख स्तंभ हैं। सड़क सुरक्षा माह के दौरान हेलमेट व सीट बेल्ट जागरूकता रैली, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा पर लघु फिल्मों का प्रदर्शन, दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में चौपाल व नुक्कड़ नाटक तथा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी, डीएसपी मंजूलता बाज, आशा तिर्की, रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे, सिटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मोरध्वज देशमुख, यातायात प्रभारी प्रदीप मिश्रा सहित 400 से अधिक छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### जिले के मनोरा विकासखंड...

लुड़ेग–सुरंगपानी–फिटिंगपाराजमार्ग के लिए 1 करोड़ 27 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इन सड़क कार्यों की स्वीकृति से जशपुर जिले में आवागमन सुलभ होगा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। वर्षों से लंबित मांगें पूरी होने पर क्षेत्रवासियों में हर्ष एवं उत्सव का माहौल है।

